| दिनांक 20.04.2024 |
|---|
| प्रेस विज्ञप्ति 21/2024 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर प्रभावी पुलिस प्रबन्ध/यातायात व्यवस्था के सम्बन्ध में दिये गये दिशा निर्देश

**श्री प्रशान्त कुमार,** पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा समस्त जोनल अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस आयुक्त, परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उप महानिरीक्षक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, प्रभारी जनपद उ0प्र0 को दिनॉकः 23.04.2024 को मनाये जाने वाले श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर प्रभावी पुलिस प्रबन्ध/यातायात व्यवस्था के सम्बन्ध में मुख्यतः निम्न बिन्दुओं पर दिशा निर्देश दिये गयेः–

- समस्त हनुमान मन्दिरों, धर्मस्थलों तथा जुलूसों के मार्ग व महत्वपूर्ण कार्यक्रम स्थलों पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा भ्रमण/निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित धर्म गुरुओं, प्रबंधकों व आयोजकों के साथ स्थानीय मजिस्ट्रेट तथा अन्य विभाग के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक व्यस्थापन सुनिश्चित कराया जाये।
- थानों के त्योहार रजिस्टर की प्रविष्टियों का अध्ययन कर समस्त आयोजनों के आयोजको से वार्ता कर यदि किसी प्रकार की समस्या प्रकाश में आती है, तो उसका त्वरित समाधान कराया जाय। किसी नयी परम्परा की अनुमति न दी जाय।
- जनपदीय अभिसूचना तन्त्र को सक्रिय कर लिया जाय। प्रत्येक छोटी से छोटी घटना को अत्यन्त गम्भीरता से लेते हुए त्वरित कार्यवाही की जाय।
- श्रद्धालुओं के आवागमन व जुलूसों के मार्गों पर प्रभावी यातायात प्रबन्ध, गश्त/पिकेट व अन्य व्यवस्थापन तत्काल से कर लिया जाये। समस्त जुलूसों में बॉक्स फॉर्मेट में राजपत्रित अधिकारियों के नेतृत्व में ड्यूटी लगायी जाये तथा छोटे से छोटे जुलूसों के साथ भी आवश्यकतानुसार पुलिस व्यवस्थापन किया जाय।
- श्री हनुमान जयन्ती के दृष्टिगत श्रद्धालुओं की सम्भावित भीड़ का आंकलन व समस्त Hot Spots को चिन्हित कर रात्रि से ही ड्यूटी व समुचित पुलिस प्रबन्ध

सुनिश्चित किया जाये। जनपदीय QRT टीमों का Strategic Deployment किया जाये।

- यूपी–112 व अन्य पेट्रोलिंग वाहनों का व्यवस्थापन संवेदनशील मार्गो/स्थलों पर किया जाय तथा चिन्हित संवेदनशील स्थलों पर राजपत्रित अधिकारियों के पर्यवेक्षण में प्रभावी गश्त/पेट्रोलिंग करायी जाय।
- कार्यक्रम स्थलों एवं मंदिरों के मुख्यद्वार पर प्रवेश नियन्त्रण एवं एण्टीसोबोटॉज चेकिंग की व्यवस्था की जाय तथा महिला एवं पुरूष पुलिस कर्मियों को ब्रीफ कर उनकी ड्यिूटी लगायी जाय। महिलाओं की सुरक्षा हेतु महिला पुलिस बल तथा सादे वस्त्रों में पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगायी जाये।
- समस्त जनपदों में पोस्टर पार्टी एवं मॉर्निंग चेकिंग टीम को सक्रिय रखा जाय तथा प्रातः काल नियमित रूप से चेकिंग हेतु रवाना किया जाय।
- सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म की निरन्तर मॉनिटरिंग करते हुये प्रसारित होने वाले आपत्तिजनक पोस्ट/भ्रामक सूचनाओं का तत्काल संज्ञान लेते हुए उनका खण्डन किया जाये ।
- लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 के दृष्टिगत आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु जनपद के सभी पुलिस कर्मियों की यथोचित ब्रीफिंग की जाये, जिससे कहीं भी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न होने पाये।



## जनपद कुशीनगर/थाना कोतवाली पडरौना

- **20 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनॉकः 20.04.2024 को थाना कोतवाली पडरौना पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर जमाली टोला के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त बाबू अली को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना कोतवाली जनपद गोरखपुर पर पंजीकृत अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद गोरखपुर से 20 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली पडरौना पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—बाबू अली निवासी बसहिया थाना कोतवाली पडरौना जनपद कुशीनगर।

**बरामदगी**

1—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

## जनपद गोरखपुर/थाना उरूवा बाजार

- **10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनॉकः 20.04.2024 को थाना उरूवा बाजार पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से पुरस्कार घोषित अभियुक्त दीपक को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार थाना उरूवा बाजार पर पंजीकृत अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना उरूवा बाजार पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–दीपक निवासी ग्राम जगरनाथपुर उर्फ जगनयापुर थाना सिकरीगंज जनपद गोरखपुर।

**जनपद झॉसी/थाना नवाबाद**

**05 अभियुक्त गिरफ्तार**

**घटना का अनावरण**

**लूटे गये 06 लाख 38 हजार रूपये नगद**

**चेकबुक, पासबुक, पैन कार्ड, आधार कार्ड**

**घटना में प्रयुक्त 02 मोटर साइकिल बरामद**

दिनॉकः 20.04.2024 को थाना नवाबाद व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर जे0डी0ए0 कॉलोनी से मुस्तरा गॉव जाने वाले कच्चे रास्ते के पास से 05 अभियुक्तों 1–अंकित 2–आशिक 3–दशरथ 4–विशाल 5–सागर को गिरफ्तार कर डकैती की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूटे गये 06 लाख 38 हजार रूपये नगद, चेकबुक, पासबुक, पैन कार्ड, आधार कार्ड, घटना में प्रयुक्त 02 मोटर साइकिल आदि बरामद हुयी।

उल्लेखनीय है कि थाना नवाबाद क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा डकैती की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना नवाबाद पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपये आदि उक्त घटना से सम्बन्धित हैं।

इस सम्बन्ध में थाना नवाबाद पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अंकित निवासी ग्राम कस्बा व थाना पलैरा जनपद टीकमगढ़, म0प्र0।

2–आशिक निवासी ग्राम रौनी थाना मऊरानीपुर जनपद झॉसी।

3–दशरथ निवासी ग्राम टकटौली थाना मऊरानीपुर जनपद झॉसी।

4–विशाल निवासी ग्राम टकटौली थाना मऊरानीपुर जनपद झॉसी।

5–सागर निवासी ग्राम टकटौली थाना मऊरानीपुर जनपद झॉसी।

**बरामदगी**

1—लूटे गये 06 लाख 38 हजार रूपये नगद।

2—चेकबुक, पासबुक, पैन कार्ड, आधार कार्ड।

3—घटना में प्रयुक्त 02 मोटर साइकिल आदि।

## कमिश्नरेट आगरा/थाना हरीपर्वत

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 08 दो पहिया वाहन**
- **भारी मात्रा में चोरी के वाहनों के पार्ट्स आदि बरामद**

दिनॉकः 19.04.2024 को थाना हरीपर्वत व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर टीपी नगर के पास भावना टावर के सामने जंगल से 03 अभियुक्तों 1—बृजमोहन उर्फ भक्तन 2—जितेन्द्र 3—कमल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 08 दो पहिया वाहन, भारी मात्रा में चोरी के वाहनों के पार्ट्स आदि बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त बृजमोहन उर्फ भक्तन के विरूद्ध कमिश्नरेट आगरा के थाना हरीपर्वत पर वाहन चोरी आदि के 09 अभियोग, अभियुक्त कमल के विरूद्ध कमिश्नरेट आगरा के विभिन्न थानों पर वाहन चोरी, आदि के 08 अभियोग व अभियुक्त जितेन्द्र के विरूद्ध कमिश्नरेट आगरा के थाना हरीपर्वत पर वाहन चोरी आदि के 07 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना हरीपर्वत पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—बृजमोहन उर्फ भक्तन निवासी पाकटोला बेदरिया थाना ताजगंज, आगरा।

2—जितेन्द्र निवासी पुरानी मण्डी कस्बा व थाना ताजगंज, आगरा।

3—कमल निवासी नरीपुरा चौपाल सागर गार्डन के सामने गली में थाना शाहगंज, आगरा।

**<u>बरामदगी</u>**

1—चोरी की 08 दो पहिया वाहन।

2—भारी मात्रा में चोरी के वाहनों के पार्ट्स आदि।

**<u>जनपद श्रावस्ती/थाना हरदत्तनगर गिरण्ट</u>**

- **04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 07 मोटर साइकिल**
- **02 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनॉकः 19.04.2024 की रात्रि थाना हरदत्तनगर गिरण्ट पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर डाडे कुइंया तिराहा के पूरब एक छोटी बाग में स्थित खण्डहर मकान से 04 अभियुक्तों 1—बजरंगी प्रसाद 2—पप्पू 3—संजय कुमार 4—जितेन्द्र कुमार उर्फ दद्दू को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 07 मोटर साइकिल, 02 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना हरदत्तनगर गिरण्ट पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1—बजरंगी प्रसाद निवासी मोहल्ला घोसियाना दरगाह थाना दरगाह शरीफ जनपद बहराइच।

2—पप्पू निवासी ग्राम रतनापुर थाना सोनवा जनपद श्रावस्ती।

3—संजय कुमार निवासी ग्राम शंकरपुर थाना सोनवा जनपद श्रावस्ती।

4—जितेन्द्र कुमार उर्फ दद्दू निवासी ग्राम रघुनाथपुर थाना सोनवा जनपद श्रावस्ती।

**<u>बरामदगी</u>**

1—चोरी की 07 मोटर साइकिल।

2—02 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित कारतूस।

## जनपद श्रावस्ती/थाना सिरसिया

- **अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहे 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **10 निर्मित/अर्द्धनिर्मित अवैध शस्त्र**
- **02 जीवित कारतूस विभिन्न बोर**
- **अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि बरामद**

दिनॉकः 20.04.2024 को थाना सिरसिया व काइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम बुटहर से अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहे 02 अभियुक्तों 1–पंचम 2–तबारक अली को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 10 निर्मित/अर्द्धनिर्मित अवैध शस्त्र, 02 जीवित कारतूस विभिन्न बोर अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना सिरसिया पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–पंचम निवासी रामनगर कुण्डा थाना सिरसिया जनपद श्रावस्ती।

2–तबारक अली निवासी लौकीपुरवा थाना कोतवाली भिनगा जनपद श्रावस्ती।

**बरामदगी**

1–10 निर्मित/अर्द्धनिर्मित अवैध शस्त्र।

2–02 जीवित कारतूस विभिन्न बोर।

3–अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि।

## जनपद कुशीनगर/थाना कोतवाली पडरौना

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 15 लाख रूपये कीमत की 798 बोतल अंग्रेजी शराब**
- **घटना में प्रयुक्त 02 कार बरामद**

दिनॉकः 20.04.2024 को थाना कोतवाली पडरौना व काइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मिश्रौली नहर पुलिया के पास से 02 अभियुक्तों

1–हरनेक 2–अमर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 15 लाख रूपये कीमत की 798 बोतल अंग्रेजी शराब, घटना में प्रयुक्त 02 कार बरामद हुयी।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली पडरौना पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–हरनेक निवासी सुखपुरा चौक लाड़वोत रोड थाना सदर जनपद रोहतक, हरियाणा।

2–अमर निवासी ग्राम खड़ावर थाना आईएमटी बोहर जनपद रोहतक, हरियाणा।

**बरामदगी**

1–लगभग 15 लाख रूपये कीमत की 798 बोतल अंग्रेजी शराब।

2–घटना में प्रयुक्त 02 कार।

- **जनपद गोरखपुर/थाना चिलुआताल (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 03 अभियुक्तों को 10–10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा व अर्थदण्ड)**

जनपद गोरखपुर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद गोरखपुर द्वारा थाना चितुआताल पर पंजीकृत अभियोग में धारा 304/34/323/504/506 भादवि के अन्तर्गत 03 अभियुक्तों 1–महेन्द्र 2–पप्पू 3–रामहित को 10–10 वर्ष के सश्रम कारावास व 7500–7500 रूपये रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

––––––